हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 2 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

14 नौतपा के दौरान बारिश बनी रही राहत, किसानों के लिए आफत

14 छप्पर मरम्मत कार्य में जुटे ग्रामीण




## खबर संक्षेप



### भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** मारपीट करने के मामले कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को सोनू साहू निवासी वार्ड नं 10 इमलीभाठा रेलवे लाईन किनारे महासमुंद ने बताया कि 31 मई की दोपहर वह 12.50 बजे वह अपने घर के सामने बैठा था, उसी समय उसका भाई सन्नी साहू अपने घर के गैस टंकी को बेचने के लिए ले जा रहा था, जिस पर उसने गैस टंकी को क्यो बेचने जा रहा है कहकर पूछा तो आरोपी सन्नी साहू ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट कर दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** बाइक से अपने घर आ रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस को प्रार्थी धनीदास खुंटे निवासी ग्राम सोनपुर ने बताया कि 30 मई को उसका बेटा सुशील कुमार खुंटे रायपुर से अपने मोटर सायकल एचएफ डीलक्स से घर ग्राम सोनपुर आ रहा था। ग्राम मेमरा चौक के पास पहुंचने पर रायपुर, पिथौरा की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सुशील कुमार के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पिथौरा लाया गया जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत्यु हो जाना बताया। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## जेल अब बंदी सुधार गृह की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- जेल में योग, मेडिटेशन, स्वास्थ्य सुधार के साथ भक्तिमय माहौल

जिला का जेल अब बंदी सुधार गृह और अपराध से विमुख होने का केंद्र बन चुका है। जेल में यातनाओं का दौर अंग्रेजों के जमाने की बात रह गई है। बता दें कि जिला जेल में निरुध्द बंदी अब यहां से अपराध के प्रति विमुख होने के साथ में समाज में सही दिशा की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं। इसका मुख्य कारण यहां होने वाली गतिविधियां और सही मार्गदर्शन को माना जा रहा है। योगा, मेडिटेशन, स्वास्थ्य सुधार, भक्तिमय माहौल, बेहतर खान पान और दिनचर्या के कारण जेल अब जेल नही सजा पाने और विचाराधीन बंदियों के लिए एक ऐसा केंद्र बनता जा रहा है जहां से वे अब अपराध करने की सोच को यहां छोड़कर जाना चाहते हैं।



### धार्मिक कार्यक्रमों ने किया मन परिवर्तन

प्रजापति ब्रह्मकुमारी आश्रम सहित विभिन्न धार्मिक संस्थाओं द्वारा यहां किए जा रहे विविध आयोजनों ने जेल में निरुध्द दिनेश के जीवन में ऐसा बदलाव लाया कि अपराध करना तो दूर अब वह बाहर पहुंचकर समाज में एक पुरोहित के रुप में अपनी पहचान बना पाएगा। हालात यह है कि जेल में होने वाला कोई भी धार्मिक आयोजन अब दिनेश के बिना अधूरा होता है। विधी विधान से पूजा पाठ कराने वाले दिनेश के जीवन में आया यह सुधार लोगों के लिए प्रेरणा दायी है।

### विधिक सेवाओं ने लाया नया बदलाव

जेल में निरुध्द ऐसे बंदी जो आर्थिक रुप से कमजोर होने के कारण विधिक सेवा प्राप्त नही कर पाते ऐसे बंदियों के लिए जिला विधिक सेवा के माध्यम से यहां सरकारी खर्च पर अधिवक्ता मुहैया कराए गए। हत्या के आरोप में जेल में निरुध्द 80 वर्षीय परसराम को ऐसा लगता था कि वह अंतिम सांस जेल में ही लेगा। लेकिन विधिक अधिकार के तहत उसे माननीय उच्च न्यायालय से जमानत मिली।

## ...जब एक बंदी बन गया मास्टर ट्रेनर



आयुष विभाग के माध्यम से जेल परिसर में नियमित योगा क्लास का आयोजन होता आ रहा है। इससे बंदियों में उनके स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता आई है और तन के साथ मन को भी स्वस्थ रखने की दिशा में बढ़ रहे हैं। 2021 में एनडीपीएस की धारा में निरुध्द 63 वर्षीय रवींद्र दीप अब यहां मास्टर ट्रेनर के तौर पर लोगों को योगाभ्यास करा रहे हैं।



### ई-प्रीज़न का मिला लाभ

पिथौरा पुलिस जिस आरोपी को दूंढने मध्यप्रदेश के सागर तक से घूम आई उसका पता जिला जेल के ई-प्रीज़न सिस्टम से एक क्लिक में चल गया। ई-प्रीजन में बंदियों का पूरा डाटा पेपरलेस होने के साथ रिकार्ड का संधारण किया जाता है। जेल में आने वाले सभी का संपूर्ण डाटा यहां उपलब्ध होता है जिसके माध्यम से पता चला कि पिथौरा पुलिस जिसे ढूंढ रही थी वह बेमेतरा जेल में निरुध्द मिला।

### वीडियों कॉफ्रेंसिंग से समय और खर्च में आई कमी

जेल में वीडियो कॉफ्रेंसिंग की सुविधा के चलते शासन का व्यय और अमले के समय दोनों में बचत हो रही। इससे बल का उपयोग अन्य कार्यों में किया जा रहा है। 35 मामलों में देश के विभिन्न स्थानों में दर्ज प्रकरण में इसी माध्यम से एक बंदी की सुनवाई कराई गई। ऐसे 43 बंदियों को एक साल में वीसी के माध्यम से सुनवाई और दोषमुक्त हुए।



### प्रीजन कॉलिंग सिस्टम का लाभ उठा रहे परिजन

इस सुविधा के तहत जेल में रोजाना 40-45 बंदियों से ऑनलाईन मिलाताम और ई-मुलाकात संचालित है। एक वर्ष के भीतर 3413 बंदियों को उनके परिजन और वकीलों से संपर्क वार्ता कराई गई। जेल अधीक्षक मुकेश कुशवाहा ने बताया कि जेल की इन रचनात्मक गतिविधियों से यहां आने वाले सजा याफ्ता और विचाराधीन बंदी अपराध से विमुख होने की दिशा में बढ़ रहे हैं। बंदियों के जीवनशैली में आ रहा बदलाव इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

## रोष : युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों में भेजे जाएंगे शिक्षक

# विरोध के बावजूद हुई काउंसिलिंग अतिशेष शिक्षकों ने चुने स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कलेक्टर बोले : गाइडलाइन के अनुसार हो रही युक्तियुक्तकरण की काउंसिलिंग

युक्तियुक्तकरण के लिए अतिशेष शिक्षकों को इधर से उधर भेजे जाने रविवार को जिला पंचायत में काउंसिलिंग हुई। पहले तो विभिन्न शिक्षक संगठनों ने इसका विरोध जताया। लेकिन, बाद में संगठन के कुछ पदाधिकारियों ने अपने परिजनों को गुपचुप तरीके से भीतर भेज दिया। जिसके बाद संगठन में इस बात की नाराजगी देखी गई और फिर हाईस्कूल और हायर सेकंडरी के शिक्षकों के स्थान का चयन किया जाने का सिलसिला शुरु हो गया। बता दें कि आज को प्राथमिक शाला के रिक्त 445 पदों के लिए सहायक शिक्षक व प्रधान पाठक की काउंसिलिंग होनी है। नियम के दरकिनार होने की बात कहते हुए युक्तियुक्तकरण में अफसरों की मनमानी का आरोप लगाया गया। शिक्षकों ने बताया कि नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। कनिष्ठ की बजाय वरिष्ठ को अतिशेष निकाला गया है। जिसकी जानकारी बीईओ, डीईओ और कलेक्टर को होने के बावजूद कार्रवाई नहीं किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। शिक्षकों ने इस प्रकार की कई विसंगतियों को मीडिया कर्मियों को साझा करते हुए काउंसलिंग का विरोध जताया।



### प्रावधान नहीं

प्रशासनिक अफसरों की मानें तो शासन से मिले दिशा निर्देश के आधार पर काउंसिलिंग की जा रही है। जिसमें दावा-आपत्ति का प्रावधान नहीं है।

### नारेबाजी के बाद हुई काउंसिलिंग प्रक्रिया

जिला प्रशासन द्वारा जिले के मिडिल, हाईस्कूल के विभिन्न विषयों के रिक्त 256 पदों के लिए अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए जिला पंचायत सभागार में काउंसिलिंग किए जाने का विरोध शिक्षक सर्व शिक्षक साझा मंच के बैनर ने किया। जिला पंचायत के गेट पर शुरुआती दौर में जमकर नारेबाजी हुई। लेकिन, कुछ संगठन पदाधिकारियों के कृत्यों के बाद उनमें ही फूट देखी गई और बाद में काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरु हो गई।

### नियमों के विपरीत की जा रही काउंसिलिंग

इसके पूर्व शिक्षकों ने आरोप लगाया कि काउंसलिंग नियमों के विपरीत की जा रही है। पहले रिक्त पदों की सूची निकालनी थी, फिर दावा आपत्ति होना था उसके बाद काउंसिलिंग करना था। पर यहां नियमों के विपरीत, बिना वरिष्ठ व कनिष्ठ का ध्यान रखे अतिशेष निकालकर काउंसलिंग की जा रही है। शिक्षक नारायण चौधरी, धनेश्वरी साहू, वंदना शुक्ला ने बताया कि शासन को 2008 का सेटअप लागू करना चाहिए एवं पारदर्शी तरीके से नियमों का पालन करते हुए काउंसिलिंग करें नही तो हम शिक्षक काउंसिलिंग का बहिष्कार करेंगे।

# अंतरराज्यीय तस्कर से 3.90 लाख रुपए का गांजा जब्त

### कोमाखान पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कोमाखान पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अंतरराज्यीय तस्कर पर कार्रवाई करते हुए 3.90 लाख रुपए का गांजा जब्त किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि एंटी टास्क फोर्स की टीम के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी कार्रवाई, स्त्रोत के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर उनके विरूद्ध विधिसंगत विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी दौरान थाना कोमाखान क्षेत्र में 1 जून को टेमरी नाका में चेकिंग दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहन स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 13 टीए 3964 को रोकने का प्रयास किया गया किंतु कार सवार के द्वारा स्टॉपर को ठोकर मारकर भागने लगा जिसका पीछा कर कोमाखान चौखड़ी के पास रोका गया। कार में सवार अज्ञात व्यक्ति कार से उतर कर जंगल की तरफ भागने लगा, जिसे टीम के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम प्रवीण कुमार कुशवाहा पिता रामसुशील कुशवाहा आयु 24 वर्ष निवासी सिंगरौली (मध्य प्रदेश) बताया एवं ओडिशा के बालिगुंडा से अवैध मादक पदार्थ गांजा खरीदकर बिक्री हेतु मध्यप्रदेश ले कर जाना बताया। संदेही की निशानदेही पर कार की डिक्की से दो प्लास्टिक बोरियों में भरा कुल 26 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत लगभग 3, 90, 000 रुपए एवं एक स्विफ्ट डिजायर कार कीमत लगभग 600000 रुपए कुल कीमत 9, 90, 000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूध्द थाना कोमाखान में अपराध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।



## 2019 से फरार अंतरराज्यीय गांजा तस्कर दानिश दिल्ली से गिरफ्तार



150 किलो गांजा बरामदगी मामले में पिथौरा पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को बड़ी सफलता

**पिथौरा (ग्रामीण)।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और पिथौरा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए वर्ष 2019 से फरार चल रहे अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद दानिश, निवासी पुराना मुस्तफाबाद, गोकलपुर, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली को दिल्ली से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी अनुसार 28 मई 2019 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक स्कोडा कार क्रमांक डीएल 1 सीएम 0940 को पकड़ने की कोशिश की थी, जिसमें भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन की जा रही थी। पुलिस को देखकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था। तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की से 150 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। इस संबंध में अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान वाहन स्वामी की पहचान मोहम्मद दानिश पिता जलील अहमद के रूप में हुई, जो कि उत्तरप्रदेश के बरेली जिले के परोही गांव का स्थायी निवासी है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और पिथौरा पुलिस की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और ठोस जानकारी के आधार पर दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में दबिश देकर आरोपी को 26 मई को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्कोडा कार से गांजा ले जाने और बाद में दस्तावेज जलाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को थाना दयालपुर, दिल्ली में गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पिथौरा लाकर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और महासमुंद पुलिस की टीम ने अंजाम दिया, जिसमें फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन, सोर्स एवं डेस्टिनेशन प्वाइंट पर गहराई से जांच कर तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम रिसेकेला में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को तुलसीराम डडसेना ग्राम रिसेकेला ने बताया कि 30 मई की रात गांव अजय चौहान द्वारा मोहल्ले में शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था। जिसे मना किया तो आरोपी अजय चौहान एवं उसके पिता जयलाल चौहान द्वारा गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष के अजय चौहान ने बताया कि 30 मई की रात करीब 7 बजे हेमसागर डडसेना, खेमराज डडसेना उसे देखकर गाली गलौज कर रहे थे। जिसका विरोध किया तो उन्होंने विवाद कियाथा। 31 मई की सुबह जब वह अपने घर से करीब 7:30 बजे तालाब जाने के लिए निकला था, तभी हेमसागर ने उसे देखकर गाली दी और हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। आवाज सुनकर सेतकुमार और तुलसी डडसेना एवं उसके अन्य साथी डंडा लेकर आये और सभी एक राय होकर गाली गलौज करते हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगे। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस के द्वारा 2 प्रकरणों में कुल 57.9 लीटर शराब कीमत 10110 रुपए जब्त कर 02 आरोपियों के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री करने वाले के उपर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया था जिसके तहत समस्त थाना/चौकी प्रभारीयों व सायबर सेल महासमुंद की टीम द्वारा अपने अपने क्षेत्र में लगातार गस्त पेटोलिग कर मुखबिरों को सजग कर अवैध शराब निर्माण व बिक्री करने वाले एवं मादक पदार्थ परिवहन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया था।

पहले मामले में थाना बसना क्षेत्र में 1 जून को मुखबीर से सूचना मिलने पर घटना स्थल एनएच 53 रोड के किनारे आरोपी के लक्ष्मी गौरी ढाबा के सामने ग्राम भठोरी पर आरोपी अमित अग्रवाल पिता महेंद्र अग्रवाल उम्र 37 साल निवासी वार्ड नंबर 13 बसना के कब्जे से एक पीला रंग के प्लास्टिक थैले के अंदर रखे 19 पौवा गोवा, 04 पौवा मेक्डावल नंबर वन, 03 पौवा रायल स्टेज अंग्रेजी शराब प्रत्येक पौवा में 180, 180 एमएल कुल 4680 एमएल कीमत 3670 रुपए तथा एक सफेद रंग के प्लास्टीक थैला के अंदर 18 पौवा देशी प्लेन शराब कुल जुमला 7.920 लीटर शराब कीमत 5110 रुपए एवं वाहन एक्टिवा ग्रे कलर क्रमांक सीजी06एचडी5109 कीमत 50, 000 रुपए कुल कीमत 55, 110 रुपए जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर वैधानिक कार्रवाई की गई है।



दूसरे मामले में थाना बलौदा क्षेत्र में 31 मई को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम खोखेपुर गाय गोठान के पास अवैध महुआ शराब रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस की टीम के द्वारा मौके पर पहुंच कर एक व्यक्ति को पकडा गया जिससे नाम पता पूछने पर अपना मुनीराम सिदार पिता सुंदर सिदार (50 साल) टिभुपाली थाना बलौदा का निवासी होना बताया जिसके कब्जे से दो प्लास्टिक थैला के अंदर 04 प्लास्टिक पालीथिन में प्रत्येक में लगभग 05-05 लीटर भरी हुई अवैध महुआ शराब एवं दो प्लास्टिक बोरी के अंदर 06 प्लास्टिक पालीथिन में भरी हुयी प्रत्येक में लगभग 05-05 लीटर अवैध महुआ शराब जुमला 50 लीटर महुआ शराब मिला। आरोपी के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब कीमत 5000 रुपए कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

# एफआईआर की मांग को लेकर कांग्रेस नेता का गांधीवादी आंदोलन

## अंकित ने कहा: 20 दिन बीतने के बाद भी एफआईआर तो दूर बयान तक नहीं हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा मौलिक अधिकारों की और संविधान में प्रदत्त शक्तियों की रक्षा करने के लिए सुबह से बागबाहरा थाना के समक्ष भूख हड़ताल की शुरुआत की और कार्यवाही की मांग को लेकर डटे रहे।

उन्होनें बताया कि सर्वप्रथम 8 मई को उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई, जिसकी शिकायत उन्होंने 9 मई को की, फिर 13 मई को भाजपा पार्टी के हितेष नायकराम चंद्राकर द्वारा माइक पोंगा लगा पुलिस की उपस्थिति में एनएच 353 में कई बार सड़क बाधित की, मेरी जाति, पिता की जाति, मेरे मृत पिता के डीएनए की जांच की मांग करते रहे, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए कहा कि मां का दूध पिया है तो आए, मेरी मां के विषय में अभद्र गाली गलौज की। नायब तहसीलदार महिला के सामने गाली गलौज की, मुझे सार्वजनिक जान से मारने की धमकी दी, जिसका वीडियो पुलिस द्वारा स्वयं भी बनाया जा रहा था। उसके बाद भी मेरे द्वारा व्हाट्सएप और चिप में भी कई वीडियो उपलब्ध करवाए, जिसमें भाजपा के हितेश चंद्राकर की हरकत स्पष्ट नजर आ रही है। लगातार उपस्थित भीड़ को झूठ परोसने और दिग्भ्रमित करते हुए अनर्गल प्रलाप कर अभद्र व अश्लील भाषा का प्रयोग करता रहा और अन्य बातें मेरी सभी शिकायतों में स्पष्ट है। उसके बावजूद की तत्काल कार्यवाही करते जान बूझकर आज तक उनका बयान दर्ज नहीं किया गया है। जबकि, उनके द्वारा बागबाहरा एसडीओपी कार्यालय में दिनांक 9, दिनांक 13, दिनांक 26 को शिकायत और स्मरण पत्र दिया गया। इसी प्रकार एसपी कार्यालय में 24 मई को और स्वयं एसपी महासमुंद को 27 मई को मिलकर दिया गया। उसके बावजूद भी आज 20 दिन बाद भी पुलिस का एफआईआर दर्ज न करना संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है।




### भूख हड़ताल में इन्होंने दी उपस्थिति

अंकित ने बताया कि आज स्वस्फूर्त इस भूख हड़ताल में सहयोग करने और उपस्थिति देने अशोक साहू, कृष्णा चंद्राकर, रेखराम बाघ, जितेंद्र क्षत्रि, वीरेंद्र शुक्ला, कोमल साहू, कृष्ण हरपाल, पोखन साहू, इंद्र कुमार चौहान, रामजी निषाद, शिवशंकर, नरेंद्र यादव, लुभान चंद्राकर, श्रीधर नेताम, डिगेश साहू, बलदेव नेताम, अर्जुन गुप्ता सहित नागरिकों ने प्रोत्साहित किया।

# गोहेदादर की सड़क में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

जिले के बसना विकासखंड अंतर्गत आने वाले कोलिहादेवरी ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाला छोटा सा गांव गोहेदादर इन दिनों बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। सरकार जहां एक ओर ग्रामीण विकास के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है। वहीं दूसरी ओर कुछ गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

गोहेदादर का मुख्य मार्ग, जो बाराडोली और भंवरपुर को जोड़ता है, आज भी अधूरा पड़ा है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं, जिनमें नौकरीपेशा, किसान और स्कूली बच्चे शामिल हैं। लेकिन सड़क पर जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है। वर्तमान में इस मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण नहीं हुआ है, और न ही पानी निकासी की समुचित व्यवस्था है। जिससे बारिश के मौसम में पानी जमा हो जाता है और आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि इस रास्ते से होकर कई लोग रोज़ाना बसना की ओर ड्यूटी पर जाते हैं, लेकिन खराब रास्ते और कीचड़ के कारण उन्हें समय और सुविधा दोनों की मार झेलनी पड़ती है। गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर शीघ्र सीसी रोड का निर्माण कराया जाए तथा नाली निर्माण कर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे उन्हें एक स्वच्छ और सुगम रास्ता मिल सके।



MSD_BHOOMI_02_2025-02_Layout 1 6/1/2025 10:26 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### भाजपा जिलाध्यक्ष की पहल पर धमतरी-नगरी मार्ग को मिली 60 करोड़ की मंजूरी

**नगरी।** सुशासन तिहार के अंतिम दिन धमतरी पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस द्वारा उठाई गई महत्वपूर्ण मांग धमतरी से नगरी मुख्य मार्ग के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण पर त्वरित निर्णय लेते हुए 60 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। यह फैसला न केवल क्षेत्र के नागरिकों के लिए राहत की सौगात है, बल्कि मुख्यमंत्री की जनभावनाओं के प्रति संवेदनशीलता और जिलाध्यक्ष बैस की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है। मुख्यमंत्री के इस फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, सभापति अजय ध्रुव, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, विकल गुप्ता, रविशंकर दुबे, मोहन नाहटा, महामंत्री रूपेंद्र साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सिहावा विधानसभा क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रकाश बैस का आभार माना।

### कलारतराई में मनी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती




**धमतरी।** ग्राम पंचायत कलारतराई में अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गई। पंचायत में सुबह 10 बजे पंचायत पदाधिकारी व ग्रामीणों ने अहिल्याबाई के छायाचित्र की पूजा-अर्चना की। उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने कहा कि उदारता, न्यायप्रियता तथा धर्म-कर्म कर्तव्यों के कारण देवी अहिल्याबाई को लोकमाता का दर्जा दिया गया है। लोकमाता का नाम भारत के स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा और उनका जीवन चरित्र हमें किसी भी विपत्ति काल में साहसी एवं सहनशील बने रहने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर सचिव चुन्नीलाल साहू, रविप्रकाश सेन, विष्णु साहू, डागेंद्र साहू, सुशीला साहू, कुंती साहू, धनेश्वरी सिन्हा, भोजबाई साहू, रामकुमारी साहू, रामकुमारी मारकंडे, टमिन निर्मलकर, धर्मवीर साहू, तरुणा सेन सहित अन्य उपस्थित थे।

### गोकुलपुर वार्ड में विशाल ओवरहेड टैंक का शुभारंभ



**धमतरी।** गोकुलपुर वार्ड में वर्षों से चली आ रही जल समस्या का समाधान अब निकट आ चुका है। महापौर श्री रामू रोहरा एवं जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने 1050 किलो लीटर क्षमता वाले ओवरहेड टैंक का शुभारंभ किया। इस टैंक के उद्घाटन से गोकुलपुर वार्ड के हजारों निवासियों को प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह टैंक जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि टैंक की क्षमता इतनी है कि पूरे वार्ड में लगातार जल आपूर्ति की जा सकेगी, जिससे अब लोगों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने भी इस प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। यह टैंक आधुनिक तकनीकों से लैस है, जिससे जल की गुणवत्ता भी बनी रहेगी। यह परियोजना नगर निगम की योजनाबद्ध विकास नीति का एक और उदाहरण है, जिसमें नागरिकों की प्राथमिक आवश्यकताओं को सर्वोपरि रखा गया है।

# विश्व साइकिल दिवस पर निकाली रैली

## तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय खेल विकास प्राधिकरण एवं संचालनालय के निर्देशानुसार खेलों इंडिया आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा विश्व साइकिल दिवस (3 जून) के उपलक्ष्य में 01 जून रविवार को फिट इंडिया साइकिल रैली एवं तिरंगा रैली का आयोजन सुबह 7:30 बजे से तुमगांव थाना से एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग तक तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू के नेतृत्व में निकाली गई, जो तुमगांव थाना से चौक चौराहों से लेकर एकलव्य विद्यालय में संपन्न किया गया।

विदित हो कि प्रत्येक रविवार को खेलों इंडिया सेंटर भोरिंग महासमुंद एवं तुमगांव, भोरिंग के खिलाड़ियों ने देश में होने वाले प्रदूषण को रोकने एवं फिट रहने लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करते आ रहे हैं तथा




साइकिल रैली निकाल कर लोगों को जागरुकता व देशभक्ति का संदेश दे रहे हैं। विश्व साइकिल दिवस (3 जून) के उपलक्ष्य में जिले में आयोजित रविवार के रैली को मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव बलराम कांत साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पंचायत सभापति राम शरण निर्मलकर, शत्रुघन निषाद, चोवा राम तांडेकर, रोहित साहू व कपिल साहू, कमल नारायण साहू, आरक्षक मोहित बारले, अशोक चक्रधारी उपस्थित रहे। भारत सरकार की योजनांतर्गत संचालित खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर के खिलाड़ियों एवं आसपास नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों ने एक साथ जिले के नागरिकों को अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने, दैनिक जीवन में फिटनेस को शामिल करने एवं प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे के मार्गदर्शन में साइकिल रैली निकाली गई।

आयोजन को सफल बनाने में पुलिस विभाग, नेहरू युवा केंद्र, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, खेल संघ के खिलाड़ी जगदीश धीवर, अभिषेक निर्मलकर, लिशांशु, शुभांश शर्मा, ओंकार निषाद, खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर के खिलाड़ियों नीलम साहू, जया साहू का सहयोग रहा। खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी खेल प्रशिक्षण शिविर में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। जिसमें इच्छुक खिलाड़ी शामिल होकर अभ्यास कर सकते हैं।

# एडीईओ परीक्षा के लिए अंतिम टेस्ट सीरीज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को चौथा व अंतिम टेस्ट का आयोजन किया गया।

जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा 2025 को ध्यान में रखते हुए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया, जिसमें क्रमशः 11 मई को पेपर -1 एडीईओ संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट - 01, 18 मई को पेपर -2, 25 मई को पेपर -3 एवं 01 जून रविवार को पेपर -4 एडीईओ संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट - 04 का आयोजन किया गया।




चौथा टेस्ट में कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भारत का सामान्य अध्ययन, छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन, आजीविका संबंधित योजनाओं की जानकारी, पंचायती राज की जानकारी, ग्रामीण विकास की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी, सामान्य हिंदी आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। चौथा व अंतिम टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 68 परीक्षार्थियों और अन्य एडीईओ परीक्षा की तैयारी करने वाले 60 परीक्षार्थियों कुल 128 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। एडीईओ टेस्ट सीरीज के लिए प्रतिभागियों का उत्साह देखा गया। जिसमें प्रत्येक टेस्ट में प्रतिभागियों की संख्या लगातार बढ़ती गई।

# नशे से दूर रहने का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रैली निकाली गई। रैली ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र से निकलकर नया बस स्टैंड पहुंची वहां से सन्देश देते हुये पुलिस विभाग पहुंची। फिर पुराने बस स्टैंड गई। इस अवसर पर

- ब्रम्हाकुमारी संस्थान भखारा ने तम्बाकू निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

बी.के. करुणा ने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा रैली का आयोजन किया गया, ताकि अनेक लोगों को नशा से मुक्त होने का संदेश दिया जा सके। आगे कहा कि एक व्यक्ति नशा करता है तो खुद का नुकसान करता है और परिवार को भी बर्बाद कर देता है। तंबाकू या सिगरेट एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीरे-धीरे पूरे शरीर को खोखला कर देता है। बीके दुलार ने कहा कि आज हर व्यक्ति तंबाकू सेवन से बचे। आज विश्व में करीब 70 करोड़ लोग और भारत में 35 करोड़ लोग ग्रसित हैं।

डॉ. संतोष ने कहा कि तंबाकू के दुष्प्रभाव एवं उससे होने वाली बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। लोगों में जागरूकता लाने के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों ने अच्छा पहल की है। मौके पर पुलिस विभाग से ईश्वर साहू एवं हेमराज नेताम समेत अन्य मौजूद थे।

# अधूरे पीएम आवास पर चली जेसीबी

- ग्राम पंचायत ने बड़े झाड़ के जंगल की जमीन को कुछ ग्रामीणों को पीएम आवास बनाने दिया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत परसापानी के आश्रित ग्राम अछोली में पिछले वर्ष सात लोगों को ग्राम सभा में प्रस्ताव कर बड़े झाड़ के जंगल में आने वाली जमीन को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए दिया गया था। गौतम मरकाम, बिदेश मरकाम, नवल सिंह मरकाम, मगतू राम मरकाम, राजकुमार सिन्हा, मंगलसिंग नेताम, आनंद राम नेताम द्वारा गरीब लोगों को आवास बनाने के लिए दिया गया था। मगर वहीं पास के खेत जमीन वाले व्यक्ति द्वारा उस जमीन को अपना बताकर प्रधानमंत्री आवास निर्माण पर तत्काल रोक लगा दी गई। 1 वर्ष से भवन निर्माण कार्य पर रोक लगी है। शुक्रवार को तहसीलदार, आरआई, पटवारी की संयुक्त टीम के द्वारा उस जमीन का कब्जा दिलाया गया। जमीन मालिक ने कब्जा दिलाने के बाद अधूरे प्रधानमंत्री आवास को जेसीबी से तुड़वा दिया।

प्रभारी तहसीलदार नगरी कुसुम



प्रधान ने बताया कि न्यायालय प्रक्रिया के आधार पर जमीन मालिक को कब्जा दिलाया गया। अगर वह जमीन सरकारी है तो गांववाले अपील कर सकते हैं। न्यायालय प्रक्रिया के अनुसार उसकी पुनः जांच की जाएगी। पूर्व सरपंच गिरधर लाल मरकाम ने बताया कि बड़े झाड़ जमीन को पंचायत द्वारा गांव के गरीब लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए दिया गया था। गांव के पटेल चंदन सिंह मरकाम, कुंवर सिंह, सुरेंद्र कुमार, तोरण, धनुराम, तातू राम, अजय सिन्हा ने बताया कि यह जमीन पूर्वजों के अनुसार उस समय से बड़े झाड़ के जंगल में आती है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन गलत तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम पर चढ़ाई गई है। यह जमीन नक्शा खसरा में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। यह गलत तरीके से उसके नाम पर दर्ज किया गया है।

# सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर आधारित फूले पिक्चर का प्रदर्शन 14 जून को होगा




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर मंगल भवन दानीटोला में सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष भावसिंह डहरे, बौद्ध समाज जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम, अजजा शासकीय सेवक विकास संघ के जिला अध्यक्ष गेवाराम नेताम, सर् वआदिवासी समाज कार्यकारी अध्यक्ष महेश रावटे की उपस्थिति में बैठक हुई। इस दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रूप से देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर आधारित फूले पिक्चर का प्रदर्शन धमतरी जिले में 14 जून को करने का निर्णय लिया गया।

- सर्व अनुसूचित जाति-जनजाति संयुक्त मोर्चा की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

11 जून को छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के बैनरतले अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मौके पर दौलत राम ध्रुव, कृष्णा मरकाम, टीकम सिंह ध्रुव, कलाराम गंगेश, नरेश गावरे, ढालूराम ध्रुव, घनश्याम नेताम, रूपेंद्र बघेल, दीपक सहारे, राकेश वैद्य, दीपक वैद्य, श्री रामटेके, नंदेश्वर सहित कर्मचारी अधिकारी एवं सामाजिकगण उपस्थित थे।

# पीडीएस चावल की कालाबाजारी सख्ती के बाद भी नहीं रूकी, माफिया हो रहे मालामाल

- चावल खरीदने का पैटर्न बदला, राशनकार्ड दुकान लाओ, थंब लगाओ पैसे ले जाओ
- कालाबाजारी रोकने रणनीति बनाएंगे : एसडीएम पीयूष तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खाद्य विभाग की सख्ती के बाद भी जिले में पीडीएस चावल की कालाबाजारी थम नहीं रही है। पहले ग्राहक दुकान तक चावल बेचने आते थे। अब अधिकारियों से बचने चावल खरीदने का पैटर्न बदल गया। राशन दुकान तक जाओ, थंब लगाओ और पैसा ले जाओ की तर्ज पर कालाबाजारी हो रही है। अब पीडीएस का चावल कोई भी किराना दुकान, चावल दुकान में नहीं मिलेगा। रात के अंधेरे में सीधे मिलों में जाकर साफ हो रहे हैं और बाजार में नई पैकिंग होकर 55 या 60 रूपए में बेचा जा रहा है। पीडीसएस चावल की



खरीदी 24 या 25 रूपए में हो रही है। साफ करने के बाद सीधे डबल रेट में बेचा जा रहा है। चावल माफिया रातों रात लाल हो रहे हैं। चावल की कालाबाजारी का पूरा एक चैनल है, सेंडिकेट पूरी सिस्टम से काम कर रहा है इसलिए पकड़ से बाहर है।

धमतरी एसडीएम पीयुष तिवारी ने बताया कि पीडीएस चावल की कालाबाजारी रोकने खाद्य विभाग के निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है। लगातार छापामार कार्यवाही चल रही है। पैटर्न बदलने पर नई रणनीति बनाई जाएगी। हर हाल में पीडीएस चावल की कालाबाजारी रोकी जाएगी।

# नारायणपुर के पंडीराम मंडावी को मिला पद्म पुरस्कार



- रायपुर एयरपोर्ट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व विधायकों ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में 68 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया, जिनमें छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के प्रसिद्ध कलाकार पंडीराम मंडावी भी शामिल थे। वे गोंड मुरिया जनजाति से ताल्लुक रखते हैं और पारंपरिक वाद्ययंत्र निर्माण एवं लकड़ी शिल्पकला में उनके



अद्वितीय योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किए गए। पंडीराम मंडावी बस्तर बांसुरी के निर्माण के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने लकड़ी पर उकेरी चित्रकारी, मूर्तियां और अन्य शिल्पकृतियों के माध्यम से बस्तर की कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी कला न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि विदेशों में भी बहुत सराही गई है। वे पांच दशकों से बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उसे नई पहचान भी दिला रहे हैं।

इस उपलब्धि पर कांग्रेस महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधायक ओंकार साहू व अन्य विधायकों के साथ नारायणपुर के पंडीराम मंडावी को एयरपोर्ट में बधाई व शुभकामनाये दी और कहा कि यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है।

# सैन्य मातृशक्तियों ने मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

महान समाज सुधारक एवं कुशल प्रशासिका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद सैन्य मातृशक्ति प्रकोष्ठ रायपुर ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर के सभागार में मनाई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती शीला शर्मा वरिष्ठ आहार सलाहकार बाल गोपाल हॉस्पिटल रायपुर थी। अध्यक्षता श्रीमती देवकी साहू ने की। विशेष अतिथि श्रीमती पारुल त्रिपाठी थीं। कार्यक्रम में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र बोरिया खुर्द के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। श्रीमती



ज्योति साहू ने अहिल्याबाई होल्कर की जीवन शैली पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सूबेदार डीपी पटेल ने कविता के माध्यम से लोगों को देश सेवा के लिए तत्पर रहने की शिक्षा दी। मुख्य अतिथि श्रीमती शीला शर्मा ने बताया कि सैन्य मातृशक्तियों एवं सभी मातृशक्तियों को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के पदचिन्ह पर चलकर समाजहित का कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी को संतुलित आहार एवं स्वदेशी अपनाकर पॉलीथिन फ्री पर्यावरण बनाने के लिए अपील की। कार्यक्रम में दो पूर्व सैनिक एवं तीन मातृशक्तियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

## स्वर्ण प्राशन बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं रोग प्रतिरोधक विकास में सहायक : डा. पचौरी

# 300 बच्चों को स्वर्ण प्राशन औषधि पिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर पालिक निगम धमतरी एवं शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्ण प्राशन संजीवनी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत 0 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 300 बच्चों को स्वर्ण प्राशन औषधि पिलाई गई, जिसका उद्देश्य बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है।

इस अवसर पर महापौर रामू जगदीश रोहरा, स्वास्थ्य समिति के सभापति नीलेश लूनिया, तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवध



पचौरी ने किया।

डॉ. पचौरी ने जानकारी दी कि स्वर्ण प्राशन औषधि बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं रोग प्रतिरोधक विकास में सहायक है। इसके नियमित सेवन से बच्चों में शारीरिक वजन में वृद्धि, कुपोषण में कमी, स्मरण शक्ति का विकास, पाचनतंत्र में सुधार तथा एलर्जी और बार-बार बीमार पड़ने की प्रवृत्ति में कमी जैसे सकारात्मक प्रभाव देखे गए हैं।

स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के दिन आयोजित किया जाता है, जिसे आयुर्वेद में विशेष शुभ मुहूर्त माना गया है। यह सेवा निःशुल्क रूप से उपलब्ध करवाई जाती है। कार्यक्रम को लेकर अभिभावकों में भी विशेष उत्साह देखा गया। बच्चों के स्वास्थ्य में हो रहे लाभकारी प्रभावों को देखकर अभिभावकों ने नगर निगम एवं आयुष विभाग की इस पहल की प्रशंसा की है। यह आयोजन न केवल बच्चों के भविष्य को स्वास्थ्य की दिशा में सशक्त बना रहा है, बल्कि समाज में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के प्रति विश्वास और जागरूकता को भी प्रोत्साहित कर रहा है।

# किराना दुकान में मारपीट दोनों पक्षों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**महासमुंद।** किराना दुकान में हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ जुर्म दर्ज कराई है। बागबाहरा थाना में एफआईआर कराते हुए प्रार्थी व किराना व्यवसायी कमलनारायण साहू निवासी बकमा ने बताया 31 मई को 12 बजे वह और उसकी पत्नी दिव्या साहू किराना दुकान में थे, उसी समय भुनेश्वर साहू, उसका बडा एवं उसका भतीजा निवासी बिडोरा किराना दुकान के अंदर घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मेरे साथ लाठी डंडा एवं हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। जिससे उसे और उसकी पत्नी को चोट लगी है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 332(सी), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी तरह दूसरे पक्ष के प्रार्थी भुनेश्वर साहू निवासी बिडोरा ने बताया कि व्यापारी कमलनारायण साहू पिता बालाराम साहू बकमा के द्वारा 24 मई 2022 को कुल धान 38 क्विंटल धान का खरीदी किया गया था, जिसका पैसा भुगतान आज कल करते सिर्फ दो बार करके एक बार 20 हजार, एक बार 15 हजार मिलाकर दो साल बाद आधी राशि 35, 000 रुपए ही दिया। शेष 35, 000 रुपए को वह 31 मई को मांगने के लिए गया था। जिस पर व्यापारी द्वारा पैसा नहीं दूंगा जो करना है कर ले कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। वहीं आरोपी कमलनारायण, उसकी पत्नी दिव्या और बेटी खुशबू साहू तीनों मिलकर उसे मारने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### सिहावा चौक के पास पाइपलाइन फटी

**धमतरी।** सिहावा चौक में विगत दिनों से पाइप लाइन के लीकेज होने से पानी की बर्बादी हो रही है, लेकिन निगम प्रशासन ने अब तक उसे ठीक नहीं कर पाया है। इसकी सूचना मिलते ही उपनेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र देवांगन मौके पर पहुंचे। स्थानीय नागरिकों से बात की। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगातार पानी बहने से क्षेत्र में कीचड़ फैल गया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लीकेज की वजह से न सिर्फ पानी की बर्बादी हो रही है, बल्कि कीचड़ होने से राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। श्री देवांगन ने कहा कि यदि समय रहते लीकेज नहीं सुधारा गया, तो वे जनता की आवाज को लेकर सड़क पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

### महापौर ने दी शासकीय योजनाओं की जानकारी

**धमतरी।** मकई गार्डन में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था। महापौर श्री रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितैषी प्रशासन देने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी और नागरिकों से इनका लाभ उठाने की अपील की। मौके पर ही योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए सूचना केंद्र स्थापित किए गए थे, जहां ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन की भी व्यवस्था की गई थी।

### स्वास्थ्य अधिकारी संघ की बैठक में कई समस्याओं पर हुई चर्चा

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ महतारी परिसर कुरूद में 1 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री हिरामन साहू, संघ जिलाध्यक्ष धनेंद्र साहू ने की। बैठक मेंराजनांदगांव की सीएचओ आरती यादव की आकस्मिक मौत पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक करीब ढाई से तीन घंटे चली। बैठक में कुरूद और गुजरा ब्लॉक के सभी सीएचओ शामिल हुए। आरती यादव के साथ हुई घटना की पुनरावृत्ति रोकने और काम के दौरान आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई। संघ जिलाध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा कि सभी सीएचओ शासन की गाइडलाइन के अनुसार काम करें। किसी भी अधिकारी के दबाव में न आएं। यदि कोई प्रताड़ति है तो अपनी बात खुलकर उच्चाधिकारियों और संघ के सामने रखें ताकि समय पर समाधान हो सके।

### एकल अभिनय में सुरेश दास प्रथम रहे

**धमतरी।** अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ पुणे द्वारा 21वां रंग महोत्सव का आयोजन किया गया। एकल अभिनय सोलो एक्टिंग सीनियर वर्ग में सुरेश दास मानिकपुरी ने आकाशगिरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त किया और थाईलैंड ड्रामा के लिए स्थान बनाया। इस उपलब्धि पर एसडीएम प्रीति दुर्गम, तहसीलदार कुकरेल ख्याति कंवर, तेजपाल ध्रुव, कुसुम प्रधान, राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती, संजय सोनी, मनीष ध्रुव, पटवारी योगेंद्र श्रीमाली, द्विजराम मरकाम, कुशल कुंजाम, डोमन प्रसाद बंजारे, ऋषि कपूर गंगेले, सरपंच नोमेश्वरी, गोपी निषाद, महेश दास मानिकपुरी ने हर्ष व्यक्त किया।



# पिथौरा क्षेत्र में झमाझम बारिश बनी किसानों की बर्बादी का सबब

## झमाझम बारिश से सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न, पानी में बह गई मेहनत और उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

जहां नौतपा का नाम आते ही लोग भीषण गर्मी की कल्पना करते हैं, वहीं इस वर्ष मौसम ने एक अलग ही करवट ली है। नौतपा की तपन की जगह झमाझम बारिश ने दस्तक दे दी है और यह राहत नहीं, किसानों के लिए त्रासदी बन गई है। पिथौरा क्षेत्र में इस असमय बारिश ने सैकड़ों एकड़ में खड़ी धान की फसल को पूरी तरह तबाह कर दिया है। कई किसानों की फसलें कटाई के लिए तैयार थीं, मगर क्षेत्र में हुई अचानक प्री-मानसून बारिश किसानों के लिए आफत बनकर आई। जिन खेतों में किसानों ने पूरे साल पसीना बहाकर धान की फसल तैयार की थी, वहीं अब वही खेत जलमग्न हो चुके हैं। खेतों में लहलहाती फसल पानी में डूबकर सड़ने लगी है और मेहनतकश किसानों की महीनों की उम्मीदें देखते ही देखते बर्बाद हो गईं।

किसानों का कहना है कि पहले ही कम वोल्टेज और बिजली की अनियमितता से वे परेशान थे, जिससे सिंचाई में भारी मुश्किलें आ रही थीं। अब इस बेवक्त बारिश ने उनकी रही-सही उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया है। मौसम की यह मार सीधे-सीधे उनकी आर्थिक रीढ़ को तोड़ने जैसी है। यह सिर्फ फसल का नुकसान नहीं है, यह किसानों की जड़ों को हिलाने वाली त्रासदी है। खेतों में खड़ी फसलें नहीं, बल्कि पूरे परिवार की उम्मीदें डूबी हैं। बच्चों की पढ़ाई और सालभर की गृहस्थी सब कुछ इसी फसल पर टिका था। एक बार फिर प्रकृति के कोप ने उन हाथों को खाली कर दिया है जो मिट्टी को सोना बनाने की ताकत रखते हैं।

## स्वागत : रेजांगला पवित्र रज कलश यात्रा का बागबाहरा में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

# अहीर रेजिमेंट की मांग अब नहीं रुकेगी, दिल्ली तक जाएगी यदुवंशियों की आवाज : द्वारकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ प्रवास पर निकली रेजांगला पवित्र रज कलश यात्रा का बागबाहरा नगर में ऐतिहासिक स्वागत किया गया। यादव वीरता बलिदान और सामाजिक एकता का प्रतीक यह यात्रा 22 मई से 30 मई तक राज्य के विभिन्न जिलों से होकर गुजरी। 29 मई को दोपहर 2 बजे यह यात्रा बागबाहरा पहुंची। जहां नगर पालिका कार्यालय के पास विधायक द्वारकाधीश यादव और जिला अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में यदुवंशियों ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद बाइक और कार रैली के माध्यम से कलश यात्रा को नगर भ्रमण कराया गया, जो बस स्टैंड से होते हुए विश्रामगृह पहुंची। जहां आयोजित सम्मान समारोह में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीतांबर दास, ओडिशा के प्रफुल्ल दास, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मंजू प्रदीप यदु और यात्रा के राष्ट्रीय संयोजक ब्रिगेडियर प्रदीप यदु विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष विनोद यादव और आभार प्रदर्शन संजय सिंह ने किया।

कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष संतोष यादव, एस के हंस, प्रदीप यादव, भेखराम यादव, हरिशंकर यादव, ललित यादव, महिला विंग से कृति यादव, किरण यादव, ज्योति यादव, अनुराधा यादव, निशा यादव सहित बड़ी संख्या में यदुवंशी आत्मीय स्वजन उपस्थित रहे। रेजांगला कलश यात्रा ने न केवल वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि यादव समाज में चेतना एकता और अधिकारों की लड़ाई का स्पष्ट संदेश भी दिया।




**समाज की सबसे बड़ी ताकत है एकता: द्वारिकाधीश**

ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने अपने उद्बोधन में कहा कि रेजांगला युद्ध केवल सैन्य इतिहास नहीं, बल्कि वीर अहीरों की शौर्यगाथा है। विधायक द्वारकाधीश यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रेजांगला युद्ध हमारे गौरव का प्रतीक है। अहीर रेजिमेंट की मांग किसी भी कीमत पर अब नहीं रुकेगी। मैं भरोसा दिलाता हूं कि 18 नवंबर 2025 को दिल्ली के जंतर मंतर में होने वाले समापन कार्यक्रम में महासमुंद जिले से हजारों की संख्या में यदुवंशी भाई पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि यादव समाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत है और अब समाज अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट हो चुका है।

## दुर्घटना में लोगों और मवेशियों की जा रही है जान



**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि गौवंशों के लिए किसी तरह की व्यवस्था नहीं की जा रही है। यह तस्वीर कलेक्टर बंगला के सामने की है। सड़क दुर्घटनाओं में आए दिन लोगों और मवेशियों की जान जा रही है। तुषार साहू ने कहा कि शहर हो या गांव, सभी जगह गायों की दुर्दशा हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं बीतता जिस दिन मवेशी सड़क दुर्घटना का शिकार न हो ।

# प्रगतिशील छग सतनामी समाज प्रदेश कार्यकारिणी की चुनाव 29 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का त्रैवार्षिक आम चुनाव 29 जून को निर्धारित किया गया है। 25 फरवरी को प्रगतिशील छग सतनामी समाज के वार्षिक आमसभा में लिए गए निर्णय अनुसार आम चुनाव की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारी केएल रवि द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार प्रगतिशील छग सतनामी समाज के 1 अध्यक्ष, 4 उपाध्यक्ष जिसमें एक महिला आरक्षित, एक महासचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक सहसचिव, एक प्रवक्ता, एक मीडिया प्रभारी सहित 15 प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिसमें तीन महिला के लिए आरक्षित हैं। कुल 25 पदों पर चुनाव या मनोनयन किया जाएगा। प्रगतिशील छग सतनामी समाज के निर्वाचन अधिकारी के एल रवि, सहायक निर्वाचन अधिकारी एसआर बांधे, सहायक निर्वाचन अधिकारी केडी सोनवानी एवं कार्यालय सहायक कृष्णा कुमार कोशले होंगे।

# आदिशक्ति छिंदौलहिन दाई की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए खल्लारी विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिंदौली में ग्रामवासियों की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बनी आदिशक्ति छिंदौलहिन दाई की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई। इस अवसर पर नवनिर्मित मंदिर में देवी मां की भव्य मूर्ति की स्थापना कर विधिविधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव शामिल हुए। उद्बोधन में उन्होंने कहा कि ग्राम देवियों की उपासना हमारी लोक संस्कृति की आत्मा है, यह परंपरा गांव की एकता और समृद्धि की जननी है। छिंदौली में माता के मंदिर का नव निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा एक ऐतिहासिक क्षण है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, संजय अग्रवाल महामंत्री, किशोर सोनवानी सेक्टर प्रभारी, लोकेश पनुरिया खल्लारी मंडल अध्यक्ष, ओमप्रकाश चक्रधारी उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।



**ग्राम देवी के रूप में होती है छिंदौलहिन दाई की पूजा**

ग्राम छिंदौली में छिंदौलहिन दाई को ग्राम देवी के रूप में पूजा जाता है। क्षेत्रवासियों की आस्था है कि माता रानी गांव की रक्षा करती हैं और सुख समृद्धि प्रदान करती हैं। इस मान्यता को और सशक्त बनाते हुए ग्रामवासियों ने सामूहिक सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण करवाया, जिसका लोकार्पण और प्राण प्रतिष्ठा ऐतिहासिक रूप में हुआ। गांव की संस्कृति श्रद्धा और एकता की मिसाल बने इस आयोजन में राजनीतिक भिन्नताओं से परे सभी जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने मिलकर छिंदौलहिन दाई की प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

### जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति

इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के अनेक सामाजिक राजनीतिक एवं धार्मिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें हीरा साहू वरिष्ठ भाजपा नेता, अजय ध्रुव, हरिशंकर यादव, परमेश्वर बरिहा, श्रीलाल बरिहा, आनंद राम ठाकुर, सीताराम ठाकुर, इंदल मांझी, टेक राम साहू, देवकी बाई साहू सरपंच, महेंद्र साहू उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस की उपस्थिति रही।

# नशामुक्त समाज एवं पदार्थों के दुष्प्रभाव पर हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त डाइट एवं शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के सदस्यों के क्षमता विकास के लिए नशामुक्त समाज एवं पदार्थों के दुष्प्रभाव के संबंध में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 से 30 मई 2025 तक एससीईआरटी छग रायपुर में किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली तथा संचालक एससीईआरटी छग रायपुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में डाइट महासमुंद से मीना पाणिग्राही प्राचार्य के आदेशानुसार एवं अरुण प्रधान सहायक प्राध्यापक निर्देश पर लक्ष्मी सिन्हा व्याख्याता, ईश्वर चंद्राकर शिक्षक ने इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में भाग लिया। प्रशिक्षण के सन्दर्भ में ईश्वर चंद्राकर शिक्षक ने बताया कि प्रशिक्षण में एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ ने पदार्थों के दुष्प्रभाव के परिणाम स्वरूप व्यक्तियों, बच्चों के समाज में खो जाने एवं कर्तव्यों से खो जाने पर चिंता व्यक्त की एवं शिक्षक प्रशिक्षकों को विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि नशाखोरी एक वैश्विक समस्या है। उन्होंने कहा कि हमें तंबाखू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का निर्माण करना है। इसके लिए शिक्षकों में बहुत ज्यादा जागरूकता की आवश्यकता है। ताकि, वे अपने बच्चों को प्रेरित कर सके। जिस तरह से हम अपने बच्चों के लिए नशापान की विरुद्ध जागरूक रहते हैं। उसी तरह से हमें विद्यालय के बच्चों के लिए भी जागरुक रहने की आवश्यकता है। कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक रायपुर अनामिका जैन, स्वास्थ्य विभाग से डॉ शैलेंद्र सिंह, विलेश राव, एसपीवाईएम से (युवा एवं जनसमुदाय संवर्धन सोसायटी) मनीष कुमार, बिलाल अहमद, राज्य साक्षरता मिशन के सहायक संचालक प्रशांत पांडेय, यूनिसेफ से छाया कुंवर, चेतना, रमेश, एससीईआरटी छग रायपुर से डॉ सीमा श्रीवास्तव, हेमंत साव, डेकेश्वर वर्मा ने भी विषय पर जानकारी देते हुए अपनी बात रखी। ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महासमुंद से ईश्वर चंद्राकर ने प्रशिक्षण में बनाए ग्रुप अनुसार ड्रग्स क्या है, ड्रग्स डिपेंडेंड और वोलाटाइल सोल्वेट्स पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यक्रम की संयोजक प्रीति सिंग ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और रूपरेखा बताते हुए बच्चों में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के प्रति सजग होने के उपायों पर अमल करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में नारकोटिक्स विभाग छग रायपुर, स्वास्थ्य विभाग छग रायपुर, एसपीवाईएम, यूनिसेफ के स्रोत व्यक्तियों द्वारा नशा मुक्त समाज अभियान के तहत राज्य के शिक्षक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न डाइट के 40 प्रतिभागियों ने सहभागिता दी। युवा एवं जनसमुदाय संवर्धन सोसायटी नई दिल्ली (एसपीवायएम) के रिसोर्स पर्सन मनीष कुमार ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान सर्वे के आधार पर मादक पदार्थों का सेवन लगातार बढ़ रहा है, जो हम सब के लिए अत्यंत चिंतनीय है। अतः नशामुक्त समाज, बच्चों में समस्या समाधान, कौशल, निर्णय लेने की क्षमता, रिश्तों को संभालना, न कहने की ताकत, आत्म जागरूकता के विकास के लिए विभिन्न केस स्टडी, स्थितियों के विश्लेषण करने के तरीके एवं उचित व्यवहार करने के तरीके प्रशिक्षण में बताए गए। ताकि, बच्चे अपने भविष्य के प्रति सजग रहकर सकारात्मक योगदान देने में सक्षम हो सकें। प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थी के रूप में शामिल 40 राज्य स्त्रोत व्यक्तियों को जेपी रथ अतिरिक्त संचालक एससीईआरटी रायपुर सहित अतिथियों द्वारा से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



# कोविड-19 के नए वेरिएंट जेएन-1 को लेकर महासमुंद जिला प्रशासन अलर्ट, स्वास्थ्य विभाग ने तेज की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश के कुछ राज्यों में कोविड-19 के नए वेरिएंट जेएन-1 के मामलों में वृद्धि को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए हैं। शासन के 28 मई 2025 को जारी निर्देशों के अनुपालन में महासमुंद जिले में स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी कुदेशिया ने जानकारी दी कि कोविड-19 प्रबंधन को लेकर जिले में सभी स्वास्थ्यकर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। कोविड से जुड़ी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला चिकित्सालय में 6 बेड तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर 2-2 बेड आरक्षित रखे गए हैं। साथ ही शासन द्वारा विशेष रूप से आईएलआई और एसएआरआई मामलों की निगरानी पर ज़ोर दिया गया है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों को आईएचआईपी पोर्टल पर नियमित रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए अनेक सावधानियों का पालन करना आवश्यक है। जिसमें हाथों को नियमित रूप से साबुन और साफ पानी से धोएं, अस्पतालों और भीड़भाड़ वाले स्थानों में मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

बिना धोए हाथों से आंख, नाक और मुंह को न छुएं। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को रूमाल या कोहनी से ढकें और इसमें से किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर घर पर ही रहें और संतुलित एवं पौष्टिक आहार लें। उच्च जोखिम वाले समूह (हाई रिस्क ग्रुप) में आने वाले व्यक्तियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। जिसमें नवजात शिशु एवं छोटे बच्चे, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यूनिटी) वाले व्यक्ति, 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक, गर्भवती महिलाएं और अस्थमा, डायबिटीज, हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति शामिल है। वर्तमान में महासमुंद जिले में कोविड-19 का कोई सक्रिय मामला नहीं है। हालांकि, किसी भी संभावित लहर से निपटने के लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क एवं तैयार हैं।



**राजमिस्त्री विकास समिति की हुई बैठक**

**बोइरगांव (कोमाखान)।** कोमाखान में 01 जून रविवार को राजमिस्त्री विकास समिति कोमाखान की मासिक बैठक आहूत की गई। राजमिस्त्री समिति के 50 गांव आते हैं। उसमें 10 गांव का सर्कल बनाया गया है। 10 गांव का एक अध्यक्ष और सचिव नियुक्त किया जाएगा। यह निर्णय राजमिस्त्री विकास समिति कोमाखान के समस्त पदाधिकारियों की मौजूदगी में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राजमिस्त्री विकास समिति कोमाखान अध्यक्ष भीमा साहू ने की। बैठक में युवराज सिंह ठाकुर सचिव का विशेष सहयोग रहा एवं समस्त राजमिस्त्री उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कारागुला में भीमसेन एकादशी मेला 6 को



नर्रा। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत पंडरीपानी के आश्रित ग्राम कारागुला में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी व 6 जून शुक्रवार को भीमसेन एकादशी मेला का आयोजन किया गया है। यहां पर विराजित महाभारत काल के पांचों पांडव में भीम सेन, अर्जुन, युधिष्ठिर समेत भगवान कृष्ण, माता कुंती, द्रोपती, नकुल व सहदेव इत्यादि की प्रतिमाएं स्थापित है। आयोजक समिति के संयोजक खोलबाहरा निषाद, अध्यक्ष मोतीराम यादव, उपाध्यक्ष पीतांबर दीवान, सचिव श्रवण कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष भोलाराम निषाद, ग्राम विकास समिति इत्यादि ने चर्चा में बताया कि इस ग्राम में मेला लगने के पीछे बहुत ही रोचक प्रसंग जुड़ा हुआ है। यह मेला 48वां वर्ष होने जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 5 जून गुरुवार को कलश यात्रा के पश्चात दीप प्रज्वलन होगा। इस अवसर पर रात्रि में पंडवानी कार्यक्रम दाई के कोरा नीरा चक्रधारी साल्हे रेसडा जिला बलौदाबाजार का कार्यक्रम होगा। वहीं दूसरे दिन प्रेम सुमन नाचा पार्टी ग्राम बेंदाड़ी तह छुरिया जिला राजनांदगांव छग कार्यक्रम रखा गया है।

### परकोम में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

नर्रा। सनातन नवनिर्माण युवा समिति ग्राम परकोम के तत्वावधान में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन आज 2 जून सोमवार को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल एवं विशिष्ठ अतिथि स्वास्थ्य विभाग सभापति लता कुम्हार, जनपद सदस्य पूजा एवन साहू, जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं लखन लाल लखमनिया खरियाररोड़ होंगे।

### छग की जनजातियां एवं संस्कृति पर आधारित पुस्तक भेंट की

महासमुंद। पीएनबी के पूर्व महाप्रबंधक एवं लेखक विष्णु मोहन पांडा ने छत्तीसगढ़ के जनजाति एवं संस्कृति पर आधारित पुस्तक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं सचिव जनजातीय मामले के सचिव बिभु नायर को भेंट की। पुस्तक में छत्तीसगढ़ के स्वदेशी समुदायों, उनकी समृद्ध परंपराओं और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया है। यह उनकी जीवनशैली पर औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के प्रभाव की भी जांच करता है तथा उनके लचीलेपन और सतत सांस्कृतिक पहचान पर जोर देता है। राज्य की जनजातियां सामाजिक रूप से बहुत विकसित हैं और अपने सामाजिक जीवन से संतुष्ट हैं। हमें उन्हें समझना चाहिए और उनकी गरिमा का सम्मान करना चाहिए। पांडा ने पर्यटन और संस्कृति पर 23 पुस्तकें लिखी हैं, जो मुख्य रूप से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और नेपाल से संबंधित हैं। इसके अलावा उन्होंने भगवान राम, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और बैंकिंग आदि पर भी पुस्तकें लिखी हैं। पांडा ने छत्तीसगढ़ पर्यटन और संस्कृति पर 4 पुस्तकें पहले ही प्रकाशित कर दी हैं।

## समस्या: लगातार बारिश व आंधी से धान फसल खेतों में गिरी

# नौतपा के दौरान बारिश बनी रही राहत, किसानों के लिए आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

क्षेत्र में मई माह की 25 तारीख से शुरू हुआ नौतपा इस बार अपनी तपिश नहीं दिखा सका। आज नौतपा का अंतिम दिन है, और पूरे नौ दिनों में कभी सुबह तो कभी शाम हुई बारिश के कारण तापमान में अपेक्षाकृत ठंडक बनी रही। बारिश के इस क्रम ने जहां आम लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों के लिए यह मौसम नुकसानदायक साबित हुआ। रबी फसलें पककर तैयार हो गई हैं। अधिकांश कृषकों ने अपनी फसलों की कटाई कर उन्हें सुरक्षित घर तक पहुंचा दिया है,



किंतु कुछ किसानों की फसलें अभी भी खेतों में ही पड़ी हैं।

असमय वर्षा के कारण ये फसलें खराब होने की स्थिति में पहुंच गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्राम अरंड, मोहदा, कोटादादर और अरंड जैसे क्षेत्रों में जिन कृषकों ने समय रहते फसल की लुआई नहीं की, उनकी फसलें बारिश की भेंट चढ़ गईं। तेज हवाओं और लगातार हो रही बारिश के चलते धान की फसलें जमीन में गिर गई हैं, जिससे कृषकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्राम अरंड, नयापारा कला, कोटाददर मोहंदा के किसान विसंभर ध्रुव, भुवनलाल ठाकुर, देवी सिंह ध्रुव, अखिलेश ध्रुव, पंचराम ध्रुव ने बताया कि उनके धन की कटाई बारिश के कारण नहीं हो पाई है।

# बरेकेलखुर्द में 12 दिवसीय समर कैंप का आयोजन, विविध गतिविधियां हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)



समीपस्थ ग्राम बरेकेलखुर्द में लर्निंग एंड माइग्रेशन प्रोग्राम के अंतर्गत समर्थ संस्था द्वारा लर्निंग रिसोर्स सेंटर के माध्यम से 12 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में रचनात्मकता, जिज्ञासा और आत्मविश्वास का विकास हुआ। शिविर के दौरान बच्चों को कहानी, कला एवं शिल्प, खेल, आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, स्टेम किट, गीत, विज्ञान के प्रयोग सहित विभिन्न विषयों पर गतिविधियां करवाई गईं। बच्चों ने चित्रकला, स्टोरी बुक निर्माण, साइंस मॉडल, जोड़-घटाव, गुणा, मापन, शब्द पहचान व शब्द रचना जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समर कैंप के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अनूठा अवसर मिला। जहां एक ओर बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों से अपनी प्रतिभा को निखारा, वहीं दूसरी ओर उनके अभिभावकों और शिक्षकों ने भी बच्चों के शैक्षणिक विकास को नजदीक से देखा और सराहा। इस तरह के प्रयास न केवल बच्चों की शैक्षणिक नींव को मजबूत करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं।

समर कैंप के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत बरेकेल खुर्द के सरपंच राजकुमार निराला, एसएमसी सदस्य आल्हा पटेल, सेवकराम पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अक्षय ठाकुर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अंतर्यामी प्रधान, शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रामकरण बघेल, समर्थ शिक्षक मुकेश कुमार मधुकर, शिक्षा मित्र रमा जांगड़े एवं कम्युनिटी मोबिलाइज़र मिलन मिरी उपस्थित रहे।

# कोमाखान तहसील में कानूनगो शाखा खोलने की मांग : अंकित

### अभी भी बागबाहरा तहसील कार्यालय में है आश्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने मांग करते हुए कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच के अनुरूप कोमाखान को तत्काल तहसील का दर्जा देते हुए तहसील कार्यालय खुलवाया जा चुका है, जिसका लाभ कोमाखान तहसील अंतर्गत रहने वाले ग्रामीणों को हो रहा है। परंतु, साय सरकार आए डेढ़ साल हो गए। परन्तु, आज दिनांक तक यहां कानूनगो शाखा नहीं खुली है, जिसका नुकसान ये है कि अगर किसी भी व्यक्ति को प्रकरण की नकल चाहिए या किसी का भी मुआवजा प्रकरण बनता है तो इस प्रकार के सभी आवश्यक कार्यों के लिए आज भी कोमाखान तहसील को बागबाहरा कार्यालय के ऊपर आश्रित रहना पड़ता है। इस समस्या की जानकारी होते ही तत्काल अंकित बागबाहरा द्वारा जिलाधीश महासमुंद को जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर कोमाखान तहसील में शीघ्र कानूनगो शाखा खोलने की मांग की गई है।

# आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर के लिए जिले के 8 खिलाड़ियों का चयन

### तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित किया गया, जिसी अंतिम मेरिट सूची जारी की गई। जिसमें तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में शामिल होकर बैटरी टेस्ट व स्किल टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें तीरंदाजी खेल में बालक वर्ग में मनीष सिदार पिता सेत कुमार सिदार, टोपू ध्रुव पिता ओंकेश ध्रुव, प्रियांशु साहू पिता राकेश साहू व अमर सवर पिता प्रांती सवर एवं बालिका वर्ग में जया पहाटिया पिता फूलदास पहाटिया व तृषा प्रजापति पिता हीरामनी प्रजापति का चयन हुआ। हॉकी खेल में बालक वर्ग में बेमचा से डोगेश निषाद पिता जवाहर लाल निषाद एवं कुणाल



कुलदीप पिता रूपेश कुलदीप का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ियों को शासन द्वारा निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल सामग्री, प्रशिक्षण, भोजन, आवास, खेल किट उपलब्ध कराया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को मूल दस्तावेज, संलग्न प्रपत्र सहित 9 जून को स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बेहतराई बिलासपुर में 11 बजे तक उपस्थित होने कहा गया।

#### खिलाड़ियों के चयन पर जताया हर्ष

खेल अकादमी बिलासपुर के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, डॉ. सुनील कुमार भोई, छात्रावास अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर, डॉ. पुर्नेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, एवन कुमार साहू सचिव एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक, सोमनाथ साहू, पिरित राम साहू, संजय पैकरा, जया साहू, नवलीन कौर, नीलम साहू इत्यादि ने हर्ष जताया है।

# शतरंज में उत्कृष्ट योगदान के लिए हेमंत हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

विप्र महाविद्यालय रायपुर में आयोजित आशीष शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय ओपन शतरंज स्पर्धा पर पिथौरा निवासी हेमंत खुटे को शतरंज के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान टूर्नामेंट डायरेक्टर नवीन शुक्ला एवं फीडे आर्बिटर रोहित यादव द्वारा प्रदान किया गया। हेमंत खुटे पिछले 30 वर्षों से शतरंज जगत में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे शतरंज के एक कुशल खिलाड़ी



होने के साथ-साथ निर्णायक, कोच, मैनेजर, ट्रेनर, लेखक, स्तंभकार एवं इवेंट ऑर्गेनाइजर के रूप में भी अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। हाल ही में ऑल इंडिया चेस फेडरेशन ने उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें चेस इन स्कूल्स कार्यक्रम का विशेष सदस्य मनोनीत किया है। वर्तमान में हेमंत खुटे महासमुंद जिला शतरंज संघ एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि वे भारत की एकमात्र हिंदी खेल पत्रिका शतरंज सम्राट में भी कार्यकारी संपादक के रूप में निशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उनके इस समर्पण और योगदान को शतरंज समुदाय में अत्यंत सराहना मिल रही है।

# सरायपाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानसिक रोग उपचार शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- शिविर में जिला चिकित्सालय महासमुंद टीम देंगी सेवाएं

स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में 2 जून को मानसिक रोग उपचार व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला चिकित्सालय महासमुंद के स्वास्थ्य टीम द्वारा मानसिक रोग जैसे अवसाद, चिंता, विकार, सिजोफ्रेनिया, नशे की लत वाले व्यक्तियों का उपचार और परामर्श किया जाएगा। इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एचएल जांगड़े ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के विचारों, मनोदशा या व्यवहार में भारी बदलाव होता है तो वह इस बात का संकेत हो सकता है कि उसे मानसिक बीमारी है। कभी-कभी कोई व्यक्ति अत्यधिक क्रोध, शत्रुता में हिंसा पर उतारू हो जाता है जो कि दैनिक समस्याओं या तनाव से निपटने में असमर्थता के कारण होता है एवं दोस्तों, सामाजिक व पारिवारिक गतिविधियों से दूरी बनाकर रहने लगता है, जो कि एक मानसिक विकार हो सकता है। यदि ऐसे मरीज आपके आसपास है तो उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को भेज सकते हैं। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे ने दी है।

# नारी शक्ति की प्रतीक है रानी अहिल्याबाई होल्कर: सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



- अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर श्रद्धा और गर्व के साथ कर रहे स्मरण

अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में कुछ महिलाएं ऐसी रही है, जिनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बन गया। उन्ही में से एक है राजमाता अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती पर हम श्रद्धा और गर्व के साथ इन्हें स्मरण कर रहे हैं। कोसरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प हर नारी समर्थ बने। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अहिल्याबाई होल्कर के पदचिन्हों पर चलते हुए नारी सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरुआत की है। महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के लिए महिला हेल्प लाईन 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, फास्ट ट्रैक कोर्ट, विधिक सहायता जैसे उपाय सुनिश्चित किए गए है। उन्होने कहा कि मालवा साम्राज्य की रानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती केवल एक स्मरण नही, बल्कि संकल्प का अवसर है।

# बाल व्यक्तित्व विकास शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान 2 से 8 जून तक बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का निःशुल्क आयोजन होने जा रहा है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने एक विज्ञप्ति में बताया कि विद्यार्थी जीवन में कला शक्ति और सद्गुणों के विकास के लिए संस्थान द्वारा चलाए जा रहे समर कैंप बाल व्यक्तित्व विकास शिविर स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में आयोजित की जाएगी। जिसमें कक्षा 6वी से 10वी के विद्यार्थी प्रातः 8 से 10 बजे तक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जीवन मूल्य शिक्षण, राजयोग ध्यान सत्र, गेम्स वेल्यू, विविध प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आकर्षक उपहार इस शिविर के मुख्य आकर्षण होंगे।

### छप्पर मरम्मत कार्य में जुटे ग्रामीण



नर्रा। क्षेत्र में बीते सप्ताहभर से अधिक हो गए बेमौसम बारिश के कारण काम काज ठप रहा। मौसम खुलते ही ग्रामीण काम काज में जुट गए हैं। कुछ ग्रामीण अपने कच्चे मकान की छप्पर मरम्मत के कार्य में नजर आए।

# बीज उत्पादक किसानों को अनुदान, प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा: चंद्रहास

### छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने रूआबांधा बीज प्रक्रिया केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर 31 मई को दुर्ग जिले के रुआबांधा बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से लगभग 60 बीज उत्पादक कृषक शामिल हुए। अध्यक्ष चंद्राकर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न जिलों में स्थित बीज प्रक्रिया केंद्रों के भ्रमण के दौरान कृषकों ने उन्हें समस्या व मांगों से अवगत कराया है। अतः शीघ्र ही बीज निगम के उत्पादक कृषकों के लिए उत्पादन अनुदान, प्रोत्साहन राशि तथा परिवहन अनुदान के दिशा में सार्थक कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक प्रधानमंत्री की मंशा अनुसार कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव एवं संवाद के माध्यम से देश की कृषि और किसान को संपन्न बनाने के लिए जारी है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने द्वारा उपसंचालक कृषि दुर्ग को भी किसानों के मांग के अनुरूप ही बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कृषकों ने बीज उत्पादन पर विचार रखे गए। कृषक दीपक चंद्राकर ग्राम-औरी तथा पुरानिक साहू ग्राम-रीवागहन द्वारा अपने उन्नत कृषि गतिविधियों सहित बीज उत्पादन कार्यक्रम के लाभकारी अनुभवों को साझा किया गया। महासमुंद के प्रगतिशील कृषक शंकरलाल चंद्राकर एवं ग्राम-उरला के कृषक शंकरदास सोंधी ने कहा कि छग राज्य हेतु अनुशंसित फसलों के पुराने किस्म आज भी अधिक उत्पादन दे रहे हैं। अतः इन्ही के समतुल्य नई किस्मों को भी कृषक भाइयों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने 6 समितियों में बीज भंडारण के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर भी रवाना किया गया। बीज प्रक्रिया केंद्र के गोदामों का कृषकों के साथ मिलकर अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान बीज प्रबंधक एसके बेहरा ने बताया कि जिले के कृषकों द्वारा हमेशा उन्नत तथा अच्छी गुणवत्ता का बीज उत्पादन किया जाता है। जिसके फलस्वरूप चालू खरीफ 2025 के दौरान इस प्रक्रिया केंद्र से लगभग 3500 किंवटल बीज की आपूर्ति राज्य के अन्य जिलों को किया गया है साथ अपने जिले के मांग अनुरूप 80 प्रतिशत बीज भंडारण किया जा चुका है। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि संदीप भोई, जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष नीलम चंद्राकर, महासमुंद जिले के प्रगतिशील कृषक शंकरलाल चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर सहित बीज निगम, बीज प्रमाणीकरण संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411